

आज गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, कि नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सार्वजनिक संवाद व प्रधानमंत्री पद की गंभीरता को कम किया है।

जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:29 अंक:169 दिनांक: 31-05-2024 शुक्रवार मूल्य:1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल में दस्तक दे चुका है और गुरुवार को पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों की ओर बढ़ गया है।

सातवें चरण के चुनाव का प्रचार खत्म... 8 राज्यों की 57 सीट सीटों पर 904 उम्मीदवार मैदान में

1 जून का तय होगी दिग्गजों का राजनीतिक भविष्य- पीएम मोदी, कंगना रनौत, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी

नई दिल्ली(ईएमएस)। लोकसभा चुनाव के छह चरण के मतदान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वहीं सातवें और अंतिम चरण के चुनाव का प्रचार गुरुवार शाम समाप्त हो गया। सातवें दौर में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और सात राज्यों की कुल 57 सीटों पर 1 जून को मतदान है। इन प्रदेशों से कुल 904 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अभिनेत्री कंगना रनौत, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह की भी सीटें शामिल हैं।

सातवें चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13-13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, हिमाचल प्रदेश की चार और झारखंड की तीन सीटें शामिल है। इसके साथ ही चंडीगढ़ की एकमात्र सीट पर इसी चरण में मतदान होगा। 2019 में इन 57 में से 25 सीटें भाजपा ने जीती थीं। वहीं, टीएमसी के खाते में आठ सीटें गई थीं, जबकि कांग्रेस को सात सीटों पर जीत मिली थी। पिछले चुनाव में इन 57 सीटों पर कुल 65.29 प्रतिशत फीसदी वोट पड़े थे। सबसे ज्यादा 78.80 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ था। वहीं, सबसे कम 51.34 प्रतिशत मतदान बिहार में दर्ज किया गया था।

सबसे हॉट सीट वाराणसी

सातवें व अंतिम चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की वाराणसी संसदीय क्षेत्र की सीट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में जानी जाती है। पीएम मोदी तीसरी बार भाजपा के प्रत्याशी के रूप में यहां से नामांकन किया हैं। कांग्रेस ने अपने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को एक बार फिर चुनावी मैदान में उतारा है। बसपा भी अतहर जमाल लारी के रूप में अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारी है। अपना चेहरा बनाया है। देखा जाये तो इस सीट पर भाजपा, बसपा और कांग्रेस चुनाव मैदान है। सभी पार्टियां मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी दमखम लगाती दिखाई दी। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भी मतदाताओं लुभाने में इन पार्टियों द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। यदि वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के वोटों पर गौर करें तो भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जबकि सपा और कांग्रेस की ओर क्रमशः शालिनी यादव और अजय राय ने ताल ठोकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार रिकार्ड मतों से वाराणसी की संसदीय सीट से विजयी हुए थे। इस चुनाव में मोदी को 6,74,664 वोट मिले थे। वही सपा और कांग्रेस को क्रमशः 1,95,159 और 1,52,548 मिला था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी संसदीय क्षेत्र में 57.13 प्रति किया गया था।

जम्मू में यूपी के 21 लोगों की मौत

लखनऊ (ईएमएस)। जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के टूंगी मोड़ क्षेत्र में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में अब तक 21 लोगों के मारे जाने और करीब 40 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि 20 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक टूंगी मोड़ क्षेत्र में आज लगभग 12 बजे एक बस, जो हरियाणा के कुरूक्षेत्र से उत्तर प्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालुओं को शिवखोरी, पौनी ले जा रही थी, दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में घायल हुए श्रद्धालुओं में अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, भरतपुर, लालपुर शामिल हैं। हाथरस जिलाधिकारी अर्चना वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि जम्मू कश्मीर के अखनूर में हाथरस की बस खाई में पलटने की सूचना प्राप्त हुई है। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों के मरने की आशंका जताई गई है। कृपया अपनी-अपने क्षेत्र से गई हुई बसों के बारे में जानकारी कर ले। जिला प्रशासन द्वारा घटना की स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाये रखते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, साथ ही आम लोगों की सहायता हेतु हेल्पलान नंबर- 05722227041 तथा 05722227042 जारी किये गये हैं। जिनके माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

किसी भी प्रधानमंत्री ने ऐसे भाषण नहीं दिए

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, पंजाब के मतदाताओं से की अपील

नई दिल्ली,(ईएमएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण 1 जून को होने जा रहे मतदान से पहले आज गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक बेहतर भविष्य को सुनिश्चित कर सकती है, जहां लोकतंत्र के साथ संविधान की रक्षा हो सकेगी। यहां उन्होंने मतदाताओं से विकास और समावेशी प्रगति के लिए मतदान करने और प्रेम, शांति, भाईचारे और सद्भाव को मौका देने की अपील की।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, कि नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सार्वजनिक संवाद व प्रधानमंत्री पद की गंभीरता को कम किया है। पंजाब के मतदाताओं को पत्र लिखते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सशस्त्र बलों पर अग्निवीर योजना थोपने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सोचती है कि देशभक्ति, शौर्य और सेवा का मूल्य महज चार साल है। यही बात उनके नकली राष्ट्रवाद को दर्शाती है। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधा और कहा कि मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हो गए हैं, जिन्होंने सार्वजनिक संवाद एवं प्रधानमंत्री पद की गरिमा व गंभीरता को कम किया है। उन्होंने कहा कि अतीत में किसी अन्य प्रधानमंत्री ने समाज के किसी विशेष वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए ऐसे घृणित, असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल कभी नहीं किया।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का कहना है कि चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने सर्वाधिक नफरत फैलाने वाले द्वेषपूर्ण भाषण दिए, जो पूरी तरह विभाजनकारी प्रकृति के रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले के अतीत में किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के किसी खास वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के मकसद से इस तरह के द्वेषपूर्ण, असंसदीय और असभ्य शब्दों का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने कहा कि कुछ गलत बयान मेरे लिए भी दिए हैं।

अरे वाह.....गर्मी होगी आउट मानसून हुआ इन

केरल पहुंचा मानसून झमाझम बारिश शुरु

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। इस प्रचंड गर्मी में कई लोगों की जान चली गई है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर सहित पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में बारिश के होने से मौसम ने अचानक से करवट ली। लेकिन अब चिलचिलाती गर्मी के बीच राहत की फुहार लेकर एक खबर आई है। दक्षिण पश्चिम मानसून ने गुरुवार को पूर्वानुमान से एक दिन पहले ही केरल और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में दस्तक दे दी।

मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि चक्रवात ने मानसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया, जो पूर्वोत्तर में समय से पहले मानसून के दस्तक देने का एक कारण हो सकता है। चक्रवाती तूफान 'रेमल' रविवार को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तट से टकराया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल में दस्तक दे चुका है और गुरुवार को पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों की ओर बढ़ गया है।

31 मई को दस्तक देने का था अनुमान

इसके पहले 15 को मौसम विभाग ने मानसून के 31 मई को केरल में दस्तक देने की घोषणा की थी। केरल में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप मई में अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई है। केरल में मानसून के आगमन की सामान्य तिथि एक जून और अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर व असम में मानसून के दस्तक देने की तिथि 5 जून है।

आईएमडी के ताजा अपडेट के मुताबिक, 24 घंटों में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, सिक्किम और पूर्वोत्तर में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, ओडिशा, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु और गोवा में हल्की बारिश का अनुमान है। इसके अलावा, राजस्थान के लोगों को भी बारिश के होने से भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने दिन में हल्की बारिश होने और धूल भरी आंधी चलने का अनुमान भी जताया है।

केरल के साथ पूर्वोत्तर राज्यों में मानसून की दस्तक

प्रचंड गर्मी के बीच मॉनसून का इंतजार कर रहे लोगों के अच्छी खबर है। समय से पहले ही मॉनसून ने केरल में दस्तक दे दी है। खास बात है कि इस बार मौसम का दुर्लभ नजारा देखने को मिलेगा है, क्योंकि बताया जा रहा है कि मॉनसून केरल और पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में एक साथ प्रवेश करेगा है।

खास बात है कि आमतौर पर केरल में मॉनसून 1 जून तक पहुंचता है। जबकि, 5 जून तक इसका प्रवेश पूर्वोत्तर के अधिकांश राज्यों में होता है। कहा जा रहा है कि इस बार दोनों क्षेत्रों में एक साथ मॉनसून आने की वजह बीते सप्ताह बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात रेमल हो सकता है।

यूपी में प्रचंड और जानलेवा गर्मी का प्रकोप जारी, मचा हाहाकार

लखनऊ (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में प्रचंड और जानलेवा गर्मी का प्रकोप जारी है। तापमान रोज अपना पुराना रिकार्ड तोड़ने का लालायित दिख रहा है। इस बीच बारिश के लिए तरसते उत्तर प्रदेश में मॉनसून की एंट्री की संभावित तारीख सामने आ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक केरल में 31 मई या एक जून को मॉनसून की एंट्री हो जाएगी। इसके बाद जल्द ही वह उत्तर प्रदेश के दक्षिणी इलाके से राज्य के अन्य हिस्सों में भी दस्तक देगी।

यूपी में लू से अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है। भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन के साथ वन्य जीवन भी प्रभावित हो रहा है। बांदा में गर्मी की वजह से पानी में मछलियों के मरने की खबर सामने आई है। यूपी के कई जिलों में पारा 45 से 48 डिग्री के पार जा पहुंचा है। सबसे ज्यादा गर्मी झांसी में पड़ रही है, जहां तापमान 49 डिग्री के साथ अर्द्धशतक लगाने के करीब है। वहीं मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 18 से 20 जून के बीच मॉनसून की एंट्री हो सकती है। अनुमान है कि 20 जून तो दक्षिणी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मॉनसून प्रवेश करेगा। इस दौरान वाराणसी, इलाहाबाद, गोरखपुर, देवरिया और आसपास के इलाकों में बारिश हो सकती है। अपने दूसरे चरण में 25 जून को मॉनसून दक्षिणी पश्चिमी इलाके इटावा, हरदोई, बरेली, बदायूं और इसके आसपास के इलाकों में प्रवेश करेगा। इस दौरान यहां बरिश होने के बाद गर्मी से राहत मिल सकती है। दिल्ली-एनसीआर के पास-पड़ोस के इलाके में 30 जून के आसपास बारिश होने की संभावना जताई गई है।

भारत में हो रही अंटार्कटिक संसद की बैठक,12देशों ने इस कारण की थी संधि

नई दिल्ली। केरल के कोच्चि में 46वीं अंटार्कटिक संसद चल रही है। भारत की मेजबानी में ये संसद 20 मई से आज 30 मई तक चलेगी, जिसमें 56 देश हिस्सा ले रहे हैं। दरअसल, ये सभी देश अंटार्कटिक में वर्चस्व की लड़ाई के खात्मे के लिए एकजुट हुए हैं। भारत में 46वीं अंटार्कटिक संसद की बैठक चल रही है। भारत की मेजबानी में ये संसद आज 30 मई तक चलेगी जिसमें 56 देश हिस्सा ले रहे हैं। दरअसल ये सभी देश अंटार्कटिक में वर्चस्व की लड़ाई के खात्मे के लिए एकजुट हुए हैं। सभी देश अंटार्कटिक में क्लाइमेट चेंज और क्षेत्र को बचाने के लिए कदम उठाने के बारे में वार्ता करेंगे।

दरअसल, द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अंटार्कटिक महाद्वीप पर कई देशों ने अपना दावा ठोक दिया था। 1950 के करीब ब्रिटेन, अर्जेंटीना, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, नार्वे और चिली ने अंटार्कटिका के अलग-अलग हिस्सों पर अपना दावा ठोकना शुरू कर दिया। इसके बाद अंटार्कटिका को लेकर दुनिया एक और विश्वयुद्ध नहीं चाहता था, जिसके लिए अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे 12 देशों ने अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किए। सबसे मुख्य ट्रीटी इस बात को लेकर थी कि यहां कोई भी देश सैन्य प्रशिक्षण और अपना बेस नहीं बना सकता।

यहां किसी भी प्रकार का न्यूक्लियर टेस्ट नहीं हो सकता और ना ही यहां किसी भी प्रकार का न्यूक्लियर वेस्ट का निपटान हो सकता। यहां जितनी भी खोज होगी, उसे सभी देशों में साझा किया जाएगा।

बेरोजगारी,गरीबी और महंगाई, ये तीनों मिलकर मोदी जी को चुनाव हरा रहे हैं - तेजस्वी यादव

पटना (ईएमएस)। आखिरी चरण से पहले बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा को तीन महबूबाएं चुनाव हरा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन महबूबा हैं बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई। ये तीनों मिलकर मोदी जी को चुनाव हरा रहे हैं। गुरुवार को चुनाव प्रचार पर निकलने से पहले पटना एयरपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि देश में आईएनडीआईए को तीन सौ से अधिक सीटें आने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद मोदी जी की विदाई तय है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर उन्होंने कहा कि चार जून के बाद हमारे चाचा नीतीश जी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं, अपनी पार्टी को बचाने के लिए। सवालिया लहजे में तेजस्वी ने कहा कि कब से हमारे चाचा जी चुनाव प्रचार में नहीं निकले हैं।

समंदर के नए सिकंदर राफेल एम की भारत आने की बारी,करीब 50 हजार करोड़ रुपए में होगी डील

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत की सैन्य ताकत से पहले ही पाकिस्तान और चीन की नींद उड़ी हुई है। अब समंदर का नया सिकंदर भी दोनों देशों को डराने आ रहा है। जी हां, भारत के बाहुबली लड़ाकू विमान राफेल के बाद अब समंदर के नए सिकंदर राफेल एम की बारी है। भारत को बहुत जल्द राफेल एम फाइटर जेट मिलने वाला है। राफेल जहां भारतीय वायुसेना की ताकत में चार चांद लगा रहा है। वहीं, राफेल एम जेट इंडियन नेवी की ताकत को और बूस्ट करेगा। भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन जेट यानी समुद्री लड़ाकू विमानों के लिए डील होने वाली है। यह डील करीब 50 हजार करोड़ रुपए की होगी। भारत और फ्रांस के बीच राफेल एम फाइटर जेट को लेकर इसी सप्ताह बातचीत होगी।

रिपोर्ट के अनुसार भारत 26 राफेल एम फाइटर जेट की खरीद के लिए आधिकारिक तौर पर फ्रांस के साथ कॉन्ट्रैक्टर नेगोसिएशन शुरू करेगा। फ्रांसीसी सरकार, फाइटर जेट बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट और हथियार प्रणाली इंटीग्रेटर थेल्स सहित अन्य कंपनियों के अधिकारियों की एक टीम 30 मई को भारत पहुंच रही है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने डील के लिए एक अनुबंध वार्ता समिति (सीएनसी) गठित की है। भारत की इसी टीम को फ्रांस की टीम के साथ इस डील पर मोहर लगाना है।

भारत के रक्षा मंत्रालय और नौसेना ने पिछले साल ही फ्रांस को इस डील के लिए अपनी रजामंदी दे दी थी। मझगांव डॉक्स में करीब 30,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 26 राफेल-एम और तीन एडिशनल स्कॉर्पीन सबमरीन्स के प्रस्तावित सौदों को पिछले साल 13 जुलाई को राजनाथ सिंह के नेतृत्व वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा आवश्यक स्वीकृति प्रदान की गई थी। यह पेरिस में मोदी-मैक्रोन शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले हुई थी। इसके पहले साल 2016 में भारत ने अपनी वायुसेना के लिए 36 राफेल लड़ाकू जेट खरीदने के लिए एक सौदा किया था। फ्रांस से इन सभी राफेल विमानों की डिलीवरी हो चुकी है और भारतीय आसमान में राफेल गरज भी रहा है।

राफेल एम फाइटर जेट समुद्री क्षेत्र में हवाई हमले के लिए खास तौर पर डिजाइन किए गए हैं। इसके मिलने से नेवी की ताकत बढ़ जाएगी। इन राफेल एम फाइटर जेट की तैनाती आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य पर होगी। राफेल एम को एयरक्राफ्ट कैरियर्स पर लैंडिंग के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इसका विंग फोल्डेबल है, जबकि वायुसेना का राफेल नॉन फोल्डेबल है। इसका भी निर्माण दसॉल्ट एविएशन ने ही किया है। यह सिंगल सीटर फाइटर जेट होगा। यह समंदर की गहराई में भी हमला करने में सक्षम है और टोही मिशनों को भी अंजाम दे सकता है। यह परमाणु हमलों को विफल करने में भी सक्षम है। राफेल एम जेट यह 15.30मी. लंबा, 10.90 मी. चौड़ा, 5.30 मी. ऊंचा है। इसका वजन करीब 10,500 किलो है। यह 9.5 टन तक का बाहरी भार उठा सकता है। राफेल एम विमान की रफ्तार करीब 1389 किमी प्रति घंटे है और यह 50 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। यह परमाणु क्षमता से लैस फाइटर जेट है। वहीं राफेल एम एक साथ हवा से जमीन और हवा से हवा दोनों तरह के मिशन को अंजाम दे सकता है। वायुसेना वाले राफेल से तुलना करें तब यह कई मायनों में काफी अलग है। राफेल एम वाहक-पोत आधारित संचालन की चुनौतियों का सामना करने के लिए बनाए गए हैं। इसमें ज्यादा प्रभावी लैंडिंग क्षमता, कैटापल्ट या रैंप लॉन्च और खारे पानी के वातावरण में उड़ान भरना शामिल हैं।

3 राज्यों में सीएए की नागरिकता शुरू

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल, हरियाणा और उत्तराखंड के आवेदकों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता देना शुरू कर दिया है। संबंधित राज्यों की अधिकार प्राप्त समिति द्वारा, जिन लोगों ने आवेदन किया है। उन्हें नागरिकता प्रमाण पत्र दिया जा रहा है।

जो नागरिक विभाजन के समय1947 और 1971मे भारत आए थेउन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त थी। इस कानून के लागू होने के बाद जो लोग वर्तमान पाकिस्तान-बांग्लादेश से आए थे।

1947 अथवा 1971 से यहां रह रहे थे। जो पूरी तरह से भारत के नागरिक थे। वह सरकारी नौकरी में हैं कारोबार भी कर रहे हैं। भारतीय नागरिक के रूप में उन्हें सभी सुविधाएं भी प्राप्त हो रही हैं उनकी पहचान भारतीय नागरिक के रूप में है।

अब ऐसे सभी नागरिक पाकिस्तान के साथ अपने आप बाप दादाओं के दस्तावेजों को खोजकर उनके दस्तावेज के आधार पर नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता के लिए आवेदन कर रहे हैं। उन्हें ऐसा लग रहा है, जब वह भारत आए थे। तब उन्हें शरणार्थी कहा गया था। उनके मन में डर बैठ गया है। वह भी नागरिकता के लिए आवेदन कर रहे हैं।

जल संकट पर हरियाणा से तनातनी....सुप्रीम कोर्ट जाएगी दिल्ली सरकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली के विभिन्न हिस्से इनदिनों पानी की कमी से जूझ रहे है। वहीं पानी की किल्लत को लेकर केजरीवाल सरकार सुप्रीम कोर्ट जाने को तैयार है। दिल्ली सरकार मुद्दे के समाधान के लिए गुरुवार को आपातकालीन बैठक बुलाई। जल संकट पर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि हम एक सेंट्रल वॉटर टैंकर का वॉर रूम दिल्ली जल बोर्ड में स्थापित कर रहे हैं। इस वॉर रूम का नेतृत्व एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी द्वारा किया जाएगा। जो भी दिल्लीवासी पानी का टैंकर चाहते हैं वे 1916 पर कॉल कर सकते हैं। 5 तारीख से दिल्ली के हर वॉटर जोन में एक एडीएम स्तर और एक एसडीएम स्तर के अफसर को तैनात किया जाएगा। वे त्वरित प्रतिक्रिया टीम बनाएंगे जो पानी की कमी वाले इलाकों में ग्राउंड पर उपलब्ध होगी... हम दिल्ली जल बोर्ड की 200 प्रवर्तन टीमें बना रहे हैं जो पानी की बर्बादी की जांच करेगी।

आतिशी ने आरोप लगाया है कि हरियाणा द्वारा यमुना में दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़े जाने के कारण जलापूर्ति में कमी आई है। दिल्ली सरकार ने पानी की बर्बादी पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाया और जुर्माना लागू करने के लिए 200 टीमें गठित कीं। साथ ही सरकार ने जल संकट से प्रभावित इलाकों में दो पालियों में टयूबवेल चलाने और जलापूर्ति के लिए पानी के टैंकर भेजने जैसे कदम उठाने का भी फैसला किया है।

3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट अग्निबाण का सफल परीक्षण

पीएम मोदी सहित इसरो ने दी स्टार्ट-अप टीम को बधाई

नई दिल्ली (ईएमएस)। चेन्नई के अंतरिक्ष स्टार्ट-अप 'अग्निकुल कॉसमॉस ने गुरुवार को श्रीहरिकोटा स्थित अपने प्रक्षेपण स्थल से अपने स्वदेश निर्मित 3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट अग्निबाण का उप-कक्षीय परीक्षण सफलतापूर्वक किया। अग्निकुल कॉसमॉस ऐसा करने वाली भारत की दूसरी निजी इकाई है। चार असफल प्रयासों के बाद गुरुवार को परीक्षण बिना किसी लाइव स्ट्रीमिंग के, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में कुछ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया।

इसरो ने पोस्ट में कहा, अग्निबाण सॉर्टेड-01 मिशन के उनके प्रक्षेपण स्थल से सफल प्रक्षेपण के लिए अग्निकुल कॉसमॉस को बधाई। यह एक बड़ी उपलब्धि है...। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) के अध्यक्ष पवन गोयनका ने कहा, अग्निकुल कॉसमॉस द्वारा अग्निबाण एसओआरटीईडी के सफल प्रक्षेपण से बहुत प्रसन्न हूं। यह भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष विभाग और इसरो अग्निकुल कॉसमॉस को अग्निबाण-एसओआरटीईडी के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, एक उल्लेखनीय उपलब्धि जो पूरे देश को गौरवान्वित करेगी! दुनिया के पहले सिंगल-पीस 3डी प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित अग्निबाण रॉकेट का सफल प्रक्षेपण भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हमारी युवा शक्ति की उल्लेखनीय सरलता का प्रमाण है। अग्निकुल कॉसमॉस टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

भारतीय अंतरिक्ष संघ (आईएसपीए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल ए के भट्ट (सेवानिवृत्त) ने कहा, यह भारत के फलते-फूलते निजी अंतरिक्ष उद्योग के लिए एक बहुत बड़ा प्रोत्साहन और गर्व का क्षण है और यह हमारे लिए भविष्य में क्या छिपा है, इसकी एक झलक मात्र है। इसके पीछे की पूरी टीम को हमारी हार्दिक बधाई और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। कंपनी के अनुसार अग्निबाण एक अनुकूलन योग्य दो-चरणीय प्रक्षेपण यान है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड (भार) लगभग 700 किलोमीटर की कक्षा में ले जा सकता है। यह रॉकेट तरल और गैस प्रणोदकों के मिश्रण के साथ एक अर्ध-क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग करता है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा अपने किसी भी रॉकेट में अभी तक प्रदर्शित नहीं किया गया है।

सनी देओल पर धोखाधड़ी, झूठ बोलने का आरोप

मुंबई (ईएमएस)। फिल्म गदर 2 से धमाल मचाने के बाद सनी देओल इन दिनों कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। हालांकि, इस बीच वे मुसीबतों में फंसते दिख रहे हैं। हाल ही में प्रोडयूसर सौरव गुप्ता ने सनी पर धोखाधड़ी, झूठ बोलने और जबरन पैसे वसूलने के आरोप लगाए हैं।

प्रोडयूसर गुप्ता का कहना है कि सनी ने उनसे साल 2016 में एडवांस पेमेंट ली थी और फिल्म करने का वादा करके और भी पैसे लिए, लेकिन गदर 2 के हिट होने के बाद उन्होंने फिल्म करना बंद कर दिया। फिल्ममेकर गुप्ता ने बताया है कि सनी देओल ने साल 2016 में फिल्म साइन की थी, जिसमें उनकी फीस 4 करोड़ रुपए थी। सौरव ने कहा कि मैंने उन्हें 1 करोड़ रुपए एडवांस में दिए, लेकिन फिल्म शुरू करने की जगह उन्होंने पोस्टर बॉयज (2017) की शूटिंग शुरू कर दी।

वह मुझसे लगातार पैसे मांगते रहे और अब मेरे 2.55 करोड़ सनी जी के अकाउंट में हैं। उन्होंने मुझे दूसरे डायरेक्टर को पैसे देने के लिए भी कहा, फिल्मीस्तान का स्टूडियो बुक करने और एक्सीक्यूटिव प्रोडयूसर के लिए भी कहा।

इंडिया गठबंधन करेगा पीएम का चयन 48 घंटे में : जयराम

नई दिल्ली,(ईएमएस)। लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन स्पष्ट व निर्णायक जनादेश हासिल करेगा और परिणामों के 48 घंटे के भीतर प्रधानमंत्री के नाम का चयन भी कर लेगा। यह बात कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को एक साक्षात्कार के दौरान कही।

लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण 1 जून के मतदान से पूर्व चुनाव प्रचार के आखिरी दिन साक्षात्कार दे रहे कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में जिस दल को सबसे अधिक सीट मिलेंगी, वही दल अगली सरकार का नेतृत्व करने का स्वाभाविक दावेदार होगा। उन्होंने इसी बीच कहा कि बहुमत मिलने के बाद तो एनडीए के भी कुछ साथी इंडिया में शामिल हो सकते हैं। हालांकि कांग्रेस आलाकमान यह तय करेंगे कि उन्हें गठबंधन में शामिल करना है या नहीं। वहीं एक सवाल के जवाब में जयराम रमेश ने कहा कि नीतीश कुमार पलटी मारने में उस्ताद हैं। वहीं चंद्रबाबू नायडू 2019 में कांग्रेस के साथ थे। ऐसे में उन्होंने दावे के साथ कहा कि यहां बस यही कहूंगा कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों को जनादेश मिलेगा, तो एनडीए के कुछ घटक दल भी इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस सब के लिए तो कांग्रेस आलाकमान खड़गे, श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी को फैसला करना होगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम ने पहेली बुझाते हुए कहा, कि इंडिया गठबंधन और एनडीए (राजग) में सिर्फ दो शब्दों का ही अंतर है। इंडिया से यदि दो आई निकाल दें तो एनडीए बचता है। इन दो आई का मतलब ही इंसानियत और ईमानदारी है। ऐसे में जिन राजनीतिक दलों में इंसानियत और ईमानदारी है वो इंडिया गठबंधन में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की कोई लहर नहीं है, सिर्फ निवर्तमान प्रधानमंत्री का जहर नजर आया है। उन्होंने कहा कि 20 साल बाद इतिहास फिर दोहराएगा और विपक्षी गठबंधन को स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश मिलेगा।

पाकिस्तान का फतह-2रॉकेट्स ,भारत के लिए बनेगा काल

एयर डिफेंस सिस्टम को 95 प्रतिशत बर्बाद कर सकता

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिकी थिंक टैंक ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान का फतह-2 जीएमएलआरएस भारत के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। यह भारत के हवाई सुरक्षा कवच यानी एयर डिफेंस सिस्टम तोड़ सकती है। अगर भारत-पाकिस्तान में संघर्ष होता है, तब फतह-2 रॉकेट्स भारत के एयर डिफेंस सिस्टम को 95 प्रतिशत बर्बाद करने में सक्षम हैं।

दावा यह भी किया गया हैं, कि यह रॉकेट रूस से भारत को मिले एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को भी तबाह कर देगा। पाकिस्तान ने पिछले महीने ही ताकतवर रॉकेट का सफल परीक्षण किया था। यह 400 किलोमीटर तक मार करने वाला रॉकेट आर्टिलरी है। दावा किया जा रहा है कि इसका नेविगेशन सिस्टम, ट्रैजेक्टरी और दिशा-गति में बदलाव की क्षमता फतह-2 को बेहद खास और खतरनाक बनाती है। फतह-2 गाइडेड रॉकेट सिस्टम है। यह पाकिस्तान का मल्टी-लॉन्च रॉकेट सिस्टम हैं। पाक सेना का दावा है कि इसकी सटीकता का कोई सानी नहीं है। इसमें स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नेविगेशन सिस्टम, खास ट्रैजेक्टरी और मैन्यूवरेबल फीचर्स हैं। यानी यह अपनी दिशा भी बदल सकती है।

तीन लेफ्टिनेंट कर्नलों सहित 16 जवानों पर मामला दर्ज

श्रीनगर (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में सीमावर्ती कुपवाड़ा जिले के थाने में सोमवार रात हुए हमले में शामिल होने के आरोप में तीन लेफ्टिनेंट कर्नल सहित 16 सैन्यकर्मियों को नामजद किया गया है। इ

जन हितैषी

कई घातक बीमारियों का जन्मदाता है धूम्रपान

(विश्व तम्बाकू निषेध दिवस (31 मई) पर विशेष)

धूम्रपान को लेकर पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों के आधार पर सर्वविदित तथ्य यही है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे व्यक्ति समझना ही नहीं चाहते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है। प्रतिवर्ष विश्वभर में 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो दुनियाभर में प्रतिवर्ष लाखों मौतों का कारण बनता है। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस 'तंबाकू उद्योग के दखल से बच्चों की रक्षा करना' थीम के साथ मनाया जा रहा है ताकि भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि तंबाकू के इस्तेमाल में गिरावट जारी रहे।

धूम्रपान करने वालों द्वारा सालभर में सात हजार करोड़ से ज्यादा सिगरेटें फूंक दी जाती हैं। हर साल फूंकी जाने वाली इन्हीं सिगरेटों के धुएं से वातावरण भी कितना प्रदूषित होता है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि इस खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। हालांकि सिगरेटें महंगी होने के कारण भारत में बीड़ी का प्रचलन निम्न तथा मध्यमवर्गीय तबके में ज्यादा है और ऐसा अनुमान है कि देश में प्रतिवर्ष सौ अरब रुपये मूल्य से भी अधिक की बीडियों का सेवन किया जाता है। एक सरकारी अध्ययन के मुताबिक तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के इलाज पर सालभर में करीब 1.04 लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण 2019 में 77 लाख लोगों की मौत हुई, जिनमें से 17 लाख मौतें इस्केमिक हार्ट डिजीज के कारण, 16 लाख सीपीओडी के कारण, 13 लाख ट्रैकियल, ब्रोंकस और फेफड़ों के कैंसर से तथा 10 लाख स्ट्रोक के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

सम्मानित और लोकप्रिय भाषा हिंदी

आजकल नेताओ द्वारा चुनाव में भाषा भी एक मुद्दा बन रहा है जैसे साउथ और बंगाल में हिंदी को छोड़कर गृह भाषा को ज्यादा जोर दे रहे हैं कोई ये सोचता है ये नेता तमिल या बंगाली में बोल रहा है तो इस राज्य के लिए बहुत बढ़िया नेता है लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए हमेशा पुरे देश में एक ही भाषा हिंदी हो. भाषा का आविष्कार मानव सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। यह संचार के माध्यम के रूप में कार्य करता है और समाज के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भाषा न केवल विचार व्यक्त करती है बल्कि किसी सभ्यता की संस्कृति और समृद्धि का भी प्रतिनिधित्व करती है। जहाँ हिंदी भारत की राष्ट्रीय भाषा है, वहीं यह पूर्वी विचारों को व्यक्त करने के लिए एक अनूठी भाषा के रूप में भी काम करती है। बाईस देशों में एक अरब से अधिक बोलने वालों और दुनिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा होने के कारण, हिंदी विश्व स्तर पर लोकप्रियता और मान्यता प्राप्त कर रही है। मैक्स मुलर जैसे प्रसिद्ध विद्वानों और चीनी यात्रियों ने भारतीय साहित्य की समृद्धि और गुणवत्ता को प्रदर्शित करते हुए प्राचीन ग्रंथों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया है। महान कवियों और विद्वानों की रचनाओं का दुनिया भर की प्रमुख भाषाओं में अनुवाद किया गया है, जिससे ज्ञान और विज्ञान के प्रसार में योगदान मिला है। जापान के प्रोफेसर क्यूया दोई का मानना है कि अंग्रेजी सीखने की तुलना में हिंदी सीखना आसान और अधिक फायदेमंद है, क्योंकि यह एक ऐसी भाषा है जो एशियाई और इंडो-यूरोपीय भाषाओं के बीच अंतर को पाटती है। भारत की सांस्कृतिक समृद्धि दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करती है, लेकिन इस संस्कृति के सार को केवल हिंदी के माध्यम से ही पूरी तरह से समझा जा सकता है। इस भावना के कारण भाषा सीखने में रुचि बढ़ी है, जिससे विश्व भाषा के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हुई है। वैश्वीकरण, सूचना क्रांति और भारत के तीव्र विकास ने भी हिंदी की लोकप्रियता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बाईस देशों में लगभग 85 करोड़ वक्ताओं और 143 विश्वविद्यालयों में हिंदी पाठ्यक्रम की पेशकश के साथ, भाषा की प्रमुखता लगातार बढ़ रही है। वैश्विक संदर्भ में, दुनिया भर में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं के मामले में हिंदी अब मंदारिन चीनी के बाद दूसरे स्थान पर है। मनोरमा ईयर बुक-2022 के अनुसार, 874 मिलियन चीनी भाषा बोलने वाले, 366 मिलियन हिंदी भाषा बोलने वाले और 366 मिलियन अंग्रेजी भाषा बोलने वाले हैं। डेटा विश्व पंचांग-2003 से प्राप्त किया गया था। हिंदी बोलने वालों में उर्दू (60 मिलियन), मैथिली (24 मिलियन), मगही (11 मिलियन), छत्तीसगढ़ी (11 मिलियन), अवधी (20 मिलियन) शामिल हैं। आंकड़ों में गुजराती और मराठी भाषा बोलने वालों को शामिल नहीं किया गया है। बारबरा एफ ग्रिम्स द्वारा संपादित विश्व की भाषाओं के अनुसार हिंदी बोलने वालों की संख्या विश्व स्तर पर दूसरे स्थान पर है। दुनिया भर के विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है और रूस, अमेरिका, जर्मनी आदि देशों में शोध और अनुवाद कार्य किया जा रहा है। हिंदी साहित्य मॉरीशस, सूरीनाम, त्रिनिदाद और फिजी जैसे विभिन्न देशों में सम्मानित और लोकप्रिय है। भाषा के शोध, अनुवाद और प्रचार-प्रसार के लिए प्रमुख देशों में हिंदी अध्ययन केंद्र स्थापित हैं। तुलसीदास, प्रेमचंद और अज्ञेय जैसे प्रसिद्ध हिंदी लेखकों की रचनाएँ कई भाषाओं में उपलब्ध हैं। हिंदी गाने और फिल्में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। हिंदी भाषा और साहित्य के माध्यम से भारत के साथ भाषाई और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में देशों की रुचि बढ़ रही है। (लेखक- संजय गोस्वामी/ ईएमएस)

आत्मघाती है तम्बाकू का नशा

भारत में योजनाबद्ध तरीके से युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में लाने का अघोषित अभियान सा चलता दिखाई दे रहा है। आज युवक ही नहीं, बल्कि युवतियाँ भी नशे की लत की शिकार होती जा रही हैं। देश में तमाम प्रतिबंध और चेतावनियों के बाद भी जिस गति से तंबाकू खाने का प्रचलन बढ़ रहा है। उससे यह संभावना व्यक्त की जा सकती है कि आने वाले समय में इसके खतरे और बढ़ेंगे। तंबाकू के खतरे को नजरअंदाज करना न सिर्फ भयानक होगा, बल्कि आत्मघाती भी होगा। तंबाकू जनित कुछ आंकड़ों पर भी गौर कर लें। विश्व स्वास्थ्य संगठन का आंकड़ा कहता है कि 1997 के मुकाबले तंबाकू निषेध कानूनों के लागू करने के बाद वयस्कों में तंबाकू सेवन की दर में 21 से 30 प्रतिशत की कमी आई थी, लेकिन इसी दौरान हाईस्कूल जाने वाले 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में तंबाकू का सेवन 60 प्रतिशत बढ़ गया था। दुनिया में होने वाली हर पांच मौतों में से एक मौत तंबाकू की वजह से होती है। तंबाकू जनित रोगों में सबसे ज्यादा मामले फेंफड़े और रक्त से संबंधित रोगों के हैं जिसका उपचार न केवल महंगा बल्कि जटिल भी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि सन 2050 तक 2.2 अरब लोग तंबाकू या तंबाकू उत्पादों का सेवन कर रहे होंगे। इस आकलन से अंदाजा लगाया जा सकता है कि तंबाकू के खिलाफ कानूनी और गैर सरकारी अभियानों की क्या गति है और उसका क्या हश्र है। प्रत्येक आठ सेकंड में होने वाली एक मौत तंबाकू और तंबाकू जनित उत्पादों के सेवन से होती है। फिर भी तंबाकू के उपभोग में कमी न होना मानव सभ्यता के लिए एक गंभीर सवाल है। तंबाकू के बढ़ते खतरे और जानलेवा दुष्प्रभावों के बावजूद इससे निपटने की हमारी तैयारी इतनी लचर है कि हम अपनी मौत को देख तो सकते हैं, लेकिन उसे टालने की कोशिश नहीं कर सकते। इसलिए इसे आत्मघाती कदम निरुपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। यह मानवीय इतिहास की एक त्रासद घटना ही कही जाएगी कि कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका की सक्रियता के बावजूद स्थिति नहीं संभल रही। क्या तंबाकू के खिलाफ इस जंग में हमें हमारी नीयत ठीक करने की जरूरत नहीं है? अगर हम स्वयं सचेत हो जाएं तो ही इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। लेकिन तमाम चेतावनियों के बावजूद हम अपना जीवन बर्बादी के मार्ग पर ले जाने की भूल कर रहे हैं।

चीन के बाद भारत में दुनिया के सबसे अधिक तंबाकू सेवन करने वाले लोग रहते हैं। तंबाकू सेवन करने वालों में बीड़ी पीने वालों का अनुपात 85 प्रतिशत है। सरकार तंबाकू के उत्पादन को नियंत्रित कर इसके दुष्प्रभाव को कम करना चाहती है, परंतु तंबाकू की खेती और तंबाकू उत्पादों से जुड़े उद्योगों में लगे लाखों किसानों-मजदूरों की आजीविका आड़े आ रही है। विशेषज्ञ तंबाकू से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए इस पर कर बढ़ाने का सुझाव देते रहे हैं। उनके अनुसार यदि देश में बीड़ी, सिगरेट पर लगने वाले कर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्तर पर ला दिया जाए, तो लाखों लोगों को असमय मौत के मुंह में जाने से बचाया भी जा सकेगा। बीड़ी-सिगरेट से हो रहे भारी नुकसान के बावजूद देश में लोकप्रिय तंबाकू उत्पादों पर कर की दरें बहुत कम हैं। उदाहरण के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सिगरेट पर 65 से 85 प्रतिशत कर लगाने का सुझाव दिया है। यदि सिगरेट की खुदरा बिक्री पर कर को बढ़ाकर 78 प्रतिशत कर दिया जाए, तो तंबाकू से होने वाली 34 लाख मौतों को कई वर्ष तक टालने में सफलता मिलेगी। डेढ़ करोड़ लोगों को अकाल मौत से बचाया जा सकेगा और बीमारी पर होने वाले खर्च में भी कमी आ जाएगी।

तंबाकू और उसके उत्पादों के सेवन से पूरे शरीर पर विपरीत प्रभाव होता है। अनेक बार चेतावनी देने के बाद भी हम इसे छोड़ने का प्रयास नहीं करते। इसके कारण शरीर के प्रत्येक अंग पर इसका दुष्प्रभाव होता है। इससे पेट और गले का कैंसर हो सकता है। आपकी सेहत का राज छिपा है आपके दांतों में। अगर आपके दांत तंदुरुस्त नहीं हैं तो समझिए शरीर भी तंदुरुस्त नहीं। युवाओं में गुटखा खाने का चलन बढ़ता जा रहा है जिसका नतीजा दांतों और मसूढ़ों को भुगतना पड़ता है। लगातार गुटखे के सेवन से सबम्यूकस फाइब्रोसिस हो जाता है जिससे मुंह खुलना बंद हो जाता है। मुंह नहीं खुलेगा तो दांतों और मसूड़ों की सफाई कैसे होगी। मुंह नहीं खुलना कैंसर से ठीक पहले के लक्षण हैं। आजकल लोग 12 से 13 साल की उम्र में गुटखा खाना शुरू कर देते हैं जिससे उनके दांत अधेड़ लोगों की तरह घिस जाते हैं। दांतों पर लगा इनेमल घिस जाता है और दांत संवेदनशील बन जाते हैं। दांतों के पेरिओडोंटल टिश्यू (दांत की हड्डी) क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और दांत ढीले हो जाते हैं। भारत में दांतों की गंदगी और नियमित साफ-सफाई न होने के कारण 700 तरह के बैक्टीरिया खून में पहुंच जाते हैं जो दिल की बीमारी का कारण बनते हैं। लगातार तंबाकू के इस्तेमाल से दांत का रंग भी काला हो जाता है। तंबाकू को लगातार मुंह में रखने से गाल का वह हिस्सा गल जाता है जहां तंबाकू रहता है। तंबाकू में मौजूद निकोटिन और चूना गाल के ऊतक को जला देता है यह ऊतक जलकर कैंसर का कारण बन जाते हैं।

शारीरिक रूप से कमजोर युवाओं पर गुटखे का असर सबसे ज्यादा पड़ता है। संतुलित खान-पान न होने से गुटखा इन युवाओं में जहर का काम करता है। लगातार गुटखे के सेवन से दांतों के जरिए युवाओं में मुंह का कैंसर, पेट का कैंसर और दिल की बीमारी हो जाती है। निकोटिन ऐसा पदार्थ है, जो शरीर के लिए सिर्फ हानिकारक ही होता है। यह एक तथ्य है कि तंबाकू में चार हजार से अधिक हानिकारक रसायन होते हैं, इनमें से 18 से अधिक कैंसर कारक माने जाते हैं। हालांकि भारत में सिगरेट पीना लोग देर से शुरू करते हैं, लेकिन जब बात इसे छोड़ने की आती है तो इस मामले में भारतीय बहुत पीछे हैं। सिगरेट या बीड़ी की लत को छोड़ने के लिए केवल एक सख्त इरादे की जरूरत होती है। कहावत है कि हजारों मील का लंबा सफर एक कदम से शुरू होता है। सिगरेट-बीड़ी छोड़ने की राह में आपको संकल्प करने की आवश्यकता है उसके बाद मंजिल आपके सामने होगी।

तंबाकू सेवन करने व्यक्तियों पर इसका किस स्तर तक दुष्प्रभाव हो रहा है। इसका व्यक्ति को पता ही नहीं चलता। इसके सेवन करने वाले व्यक्तियों पर धीरे धीरे यह अपना शिकंजा कसता जाता है। प्रारंभ में शौक के रूप में तंबाकू खाने वाले व्यक्ति अंततः इसकी लत का शिकार हो जाते हैं। यही लत व्यक्ति को कमजोर कर देती है और तंबाकू उसके ऊपर हाबी हो जाती है। जिस व्यक्ति में इसकी लत नहीं है, वह चाहे तो इसको आसानी से छोड़ सकता है, लेकिन लत वाले आदमी को इसे छोड़ना काफी मुश्किल है। इसके प्रभाव से शरीर का आभामंडल समाप्त हो जाता है। जब किसी खाने वाले व्यक्ति को देर तक तंबाकू खाने को नहीं मिलती तो उसका व्यवहार काफी चिड़चिड़ा हो जाता है। हमें यह बात ध्यान रखना होगी कि एकाग्रचित होकर काम करने वाले व्यक्तियों में इसकी लत नहीं होती। इसकी लत होने पर व्यक्ति अपने काम पर मन नहीं लगा सकता और वह हर क्षेत्र में असफल ही होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि महिलाओं पर तंबाकू का ज्यादा बुरा असर होता है। महिलाओं में तंबाकू के लत के दो बड़े खतरे हैं। एक यह कि उनकी सुंदरता चली जाती है, दूसरे उन पर बांझ होने का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि तम्बाकू किसी भी दृष्टि के हितकर नहीं है। इसमें धन की बर्बादी तो होती ही है, साथ ही जीवन भी राह भी कठिन हो जाती है। इसलिए तम्बाकू आज ही छोड़ें, क्योंकि कल कभी आता ही नहीं(लेखक- सुरेश हिंदुस्तानी/ ईएमएस4)

नशे में तबाह होती जिन्दगियों को बचाना होगा

(विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस - 31 मई 2024)

बेशक 31 मई 2022 को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू की आदी हो चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है।

सरकार की नीतियां भी दोगली है। लेकिन तेलंगाना सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, वह सुखद है। ऐसे गुटखों या पान मसालों के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है। हालांकि, अभी यह पाबंदी एक वर्ष के लिए है, शायद आगे इसकी समीक्षा होगी और उसके बाद राज्य सरकार स्थायी प्रतिबंध का फैसला करेगी। ऐसे निर्णय केन्द्र सरकार एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों को भी लेने चाहिए। क्योंकि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में, तेलंगाना में लगा प्रतिबंध कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात है। तेलंगाना अगर अपनी सीमा में प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करे, तो उसके पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को भी सहयोग के लिए खड़ा होना पड़ेगा। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया।

आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग नशे के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। नशा आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए?

भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है।

नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण हम एक स्वस्थ नहीं, बल्कि बीमार राष्ट्र एवं समाज का ही निर्माण कर रहे हैं। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ये प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। नशे की ओर बढ़ रही युवापीढ़ी बौद्धिक रूप से दरिद्र बन जाएगी।

गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू सेवन कई सारी बीमारियों का कारण बनता है जैसे दीर्घकालिक अवरोधक फेफड़ों संबंधी बीमारी (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर, हृदयघात, स्ट्रोक, स्थायी दिल की बीमारी, वातस्फीति, विभिन्न प्रकार के कैंसर आदि।

तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति ये तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। डब्ल्यूएचओ के अनुसार धूम्रपान की लत से हर साल लगभग 60 लाख लोग मारे जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मौतें कम तथा मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं। इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है।

लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किये गये नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। स्कूलों के बाहर नशीले पदार्थों की धडल्ले से बिक्री होती है, किशोर पीढ़ी धुए में अपनी जिन्दगी तबाह कर रही है। हजारों-लाखों लोग अपने लाभ के लिए नशे के व्यापार में लगे हुए हैं और राष्ट्र के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। चमड़े के फीते के लिए भैंस मारने जैसा अपराध कर रहे हैं। बढ़ती तम्बाकू प्रचलन की समस्या विश्व की दूसरी समस्याओं में सबसे देरी से जुड़कर सबसे भयंकर रूप से मुखर हुई है। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है। अगर आंकड़ों को सम्मुख रखकर विश्व मानचित्र (ग्लोब) को देखें, तो हमें सारा ग्लोब नशे में झूमता दिखाई देगा। (लेखक- ललित गर्ग / ईएमएस)

शब्द पहेली - 8023



बाएँ से दाएँ

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरुरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

ऊपर से नीचे

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

शब्द पहेली -8022 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

खेल - समाचार

टी20 विश्वकप में भारतीय मूल के ये क्रिकेटर अपने को साबित करने उतरेंगे

न्यूयार्क (ईएमएस)। वेस्टइंडीज और अमेरिका में ए जून से शुरु हो रहे आईसीसी टी20 विश्वकप में इस बार 20 टीमें भाग ले रही हैं। ये पहली बार है जब विश्वकप में 20 टीमें उतरेंगी। इन टीमें में भारतीय मूल के कई क्रिकेटर शामिल हैं जो इस बार अपने प्रदर्शन से प्रभावित कर सकते हैं। ये वे क्रिकेटर हैं जिन्हें भारत में घरेलू क्रिकेट खेलने के बाद भी आगे अवसर नहीं मिले। ऐसे में ये अपने करियर को बनाने विदेशी टीमों से खेलने लगे।

इन खिलाड़ी में मेजबान अमेरिकी टीम के कप्तान मोनाक पटेल के अलावा हरमीत सिंह, सहित कई अन्य क्रिकेटर भी हैं। ये अमेरिका के अलावा कनाडा, नीदरलैंड जैसी टीमों से खेलते है। इसके अलावा युगांडा और ओमान की टीम में भी भारतीय मूल के कई क्रिकेटर शामिल हैं।

भारतीय-अमेरिकी ऑलराउंडर हरमीत सिंह ने भारत के लिए घरेलू क्रिकेट खेला है। वह आई.सी.सी. अंडर-19 विश्व कप में भी भारतीय टीम में शामिल रहे हैं। इसके बाद अवसर नहीं मिलने से अमेरिका चले गये। हरमीत ने अब तक 6 टी20 मैचों में 81 रन बनाने के साथ ही छह विकेट भी लिए हैं।

जालन्धर के विक्रमजीत नीदरलैंड की ओर से खेलते हैं। विक्रमजीत नीदरलैंड के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल हैं। बल्लेबाजी लाइन-अप का एक अहम हिस्सा रहे हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक नीदरलैंड के लिए 32 एकदिवसीय मैचों में 964 रन बनाए हैं और 14 टी20ई में उनके नाम 175 रन हैं।

इसके अलावा भारतीय मूल के आर्यन दत्त ने साल 2021 में नीदरलैंड की ओर से खेलना शुरु किया था। उन्होंने नीदरलैंड के लिए 38 वनडे और 11 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 41 और 8 विकेट लिए हैं। इसके अलावा 40 प्रथम श्रेणी मैचों में 44 विकेट भी लिए हैं।

दि

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

सेंसेक्स 617 अंक , निफ्टी 216 अंक गिरा

मुंबई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट पर बंद हुआ। गत दिवस भी बाजार नीचे आया था। बाजार में ये गिरावट दुनियाभर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी और धातु शेयरों में जमकर बिकवाली हुई जिससे बाजार पर दबावा आया। कारोबार के दौरान बैंकिंग को छोड़कर अधिकतर क्षेत्रों में गिरावट रही। धातु, आईटी, वाहन, फार्मा, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स में गिरावट देखी गई। केवल मीडिया और प्राइवेट बैंक इंडेक्स ही बढ़कर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 617 अंक करीब 0.83 फीसदी नीचे आकर 73,885 अंक और पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 216 अंक तकरीबन 0.95 फीसदी नीचे आकर 22,488 अंक पर बंद हुआ है।

इस दौरान बैंकिंग इंडेक्स निफ्टी बैंक 181 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी ऊपर आकर 48,682 अंक पर बंद हुआ है। कारोबारी सत्र में गिरावट का सबसे ज्यादा प्रभावी मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर हुआ। निफ्टी मिडकैप 698 अंक करीब 1.34 फीसदी टूटकर 51,426 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 273 अंक तकरीबन 1.62 फीसदी नीचे आकर 16,612 अंक पर बंद हुआ।

आज कोरोबार के दौरान इंडिया विक्स 24.17 अंक पर करीब सपाट बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयर नुकसान में रहे। इसमें टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, टाइटन, विप्रो, पावर ग्रिड और बजाज फिनसर्व के शेयरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

